# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - हाफिजपुर** **दिनांक 24.09.2025**

- **थाना हाफिजपुर पुलिस व साइबर सैल ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए फर्जी फर्म के नाम पर चालू खाता खुलवाकर भोले-भाले लोगों को ट्रैडिंग व गेमिंग ऐप के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 03 शातिर ठगों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से 9,570/- रुपये नकदी, 03 मोबाइल फोन, चैकबुक, पासबुक व अवैध असलहा आदि बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के ठग हैं, जो VPN (virtual private network) व पेमेन्ट गेटवे का इस्तमाल करके ठगी करते थे तथा इनके द्वारा उत्तर प्रदेश, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडू, महाराष्ट्र व उत्तराखण्ड आदि राज्यों में करीब एक दर्जन ठगी की घटना कारित कर करीब एक करोड़ रुपये की ठगी की गई है।**

**कार्यवाहीः-**



हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस व साइबर सैल द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए फर्जी फर्म के नाम पर चालू खाता खुलवाकर भोले-भाले लोगों को ट्रैडिंग व गेमिंग ऐप के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 03 शातिर ठगों को ब्रजनाथपुर नहर पुल पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 9,570/- रुपये नकदी, 03 मोबाइल फोन, चैकबुक, पासबुक व अवैध असलहा आदि बरामद हुआ है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-**

1. हरीश पुत्र ब्रज सिंह निवासी ग्राम ब्रजनाथपुर थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।
2. विशाल पुत्र सुभाष निवासी मकान नं0 57 ए गली नं0 09 ओल्ड आर्य नगर थाना घण्टाघर जनपद गाजियाबाद।
3. जुनैद पुत्र नईम निवासी मकान नं0 489 मौ0 चाहकमाल पुराना बाजार थाना हापुड नगर जनपद हापुड।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 9,570/- रुपये नकदी।

2. 03 मोबाइल फोन, 02 चैकबुक, 03 पासबुक, 02 ब्लैंक चैक व आधार कार्ड आदि।

3. एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 141/25 धारा 318(4)/317/बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़।

2. मु0अ0सं0 45/24 थाना साईवर क्राईम मन्गलूरू जनपद मगलूरू सिटी कर्नाटक।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष कुमार चौहान थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।

2. उनि0 श्री प्रबल कुमार पंकज प्रभारी साईवर सैल जनपद हापुड़।

3. उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।

4. उ0नि0 श्री हेमकान्त थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।

5. उ0नि0 श्री संजय यादव थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।

6. का0 321 राजेश कुमार थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।

7. म0का0 501 सपना शुक्ला थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।